पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 20 ◆ रायपुर 20 अप्रैल 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्रांति की नई शुरुआत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को औद्योगिक और आर्थिक विकास के नए शिखर पर ले जाने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र के स्थापना की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इस संयंत्र के लिए बिलासपुर, चांपा के समीप नेशनल हाईवे से लगी 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय रोजगार सृजन और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30, जो एक नवंबर 2024 से लागू हुई, ने राज्य को निवेशकों के लिए अनुकुल बना दिया है। इस नीति का मूल मंत्र न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन है, जिसके तहत उद्योगों को स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, ऑनलाइन आवेदन, और त्वरित प्रोसेसिंग जैसी सुविधाओं ने उद्यमियों के लिए छत्तीसगढ़ में कारोबारी माहौल को आसान किया है। नीति में फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है इस नीति के तहत उद्योगों को 30-50 प्रतिशत सब्सिडी, 5 से 12 वर्ष तक की कर छूट और ब्याज अनुदान जैसे आकर्षक प्रावधान किए गए हैं।

### सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने किया कार्यभार ग्रहण

# 4 नए स्मार्ट औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे: मुख्यमंत्री





रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने आज तेलीबांधा स्थित उद्योग भवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सीएसआईडीसी प्रदेश में औद्योगिक वातावरण के निर्माण में बेहतर कार्य करेगा। श्री राजीव अग्रवाल अनेक पदों पर किये हैं। उनके अनुभवों से उद्योग जगत को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राज्य में नई औद्योगिक नीति से प्रदेश का विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में 4.50 लाख करोड़ रूपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राज्य में खनिज, बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता से उद्योगों को फलने-फूलने का अवसर मिलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में सेक्टर आधारित उद्योगों को एक ही परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव जिला के ग्राम पटेवा में 322 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए 350 करोड़ रूपए, राजनांदगांव जिला के ग्राम बिजेतला में 50 एकड़ में स्पेश मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए 25 करोड़ रूपए, नवा रायपुर के 20 एकड़ में रेडिमेट गारमेंट पार्क के लिए 30 करोड़ रूपए तथा नवा रायपुर में ही 30 एकड़ में फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना के लिए 40 करोड़ रूपए की घोषणा की। इस तरह कुल 445 करोड़ रूपए की लागत से 4 स्मार्ट औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों के विकास



के लिए एक अनुकुल एवं सकारात्मक वातावरण बनेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। राज्य के नई औद्योगिक नीति से उद्योग बेहतर तरीके से विकसित होंगे और राज्य तेजी से विकास करेगा। सीएसआईडीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि राज्य के औद्योगिक नीति विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा नवा रायपुर में सेमीकंडक्टर उत्पादों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया है।



# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 20 नए अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** प्रदेश की नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। संसाधनों के आधुनिकीकरण, अग्निशमन सेवाओं को तकनीकी रूप से उन्नत करने और जवानों के प्रशिक्षण व मनोबल को प्राथमिकता देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के माना कैंप स्थित नगर सेना केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 20 नवीन अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सेक्टर-13, नवा रायपुर में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र सह





आवासीय परिसर और माना में नवीन सेनानी कार्यालय का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### आपातकालीन सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन प्रदेश की त्वरित आपातकालीन सेवाओं की क्षमता को नई गति देंगे। उन्होंने इसे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पित भवनों के माध्यम से अग्निशमन तंत्र को मजबूती मिलेगी और हमारे जवानों की दक्षता में भी इजाफा होगा।

# राज्य में हुआ कलेक्टर समेत 41 आई ए एस अफसरों का तबादला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 41 IAS अफसरों का ट्रांसफर किया है। इनमें से कई को अतिरिक्त प्रभार पर अलग-अलग विभागों का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दंतेवाड़ा, गरियाबंद, रायगढ़ और बिलासपुर समेत कई जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। कुल 11 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। लिस्ट के मुताबिक कुणाल दूदावत को दंतेवाड़ा का कलेक्टर बनाया गया है। मयंक चतुर्वेदी रायगढ़ जिले के नए कलेक्टर होंगे। संजय कन्नौजे सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर होंगे, नूपुर राशि पन्ना को कोंडागांव जिले का कलेक्टर बनाया गया है। कुंदन कुमार को मुंगेली जिले का कलेक्टर बनाया गया है ।




वहीं इंद्रजीत चंद्रावल को खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले का कलेक्टर बनाया गया है। संजय अग्रवाल को बिलासपुर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। दिव्या उमेश मिश्रा को बालोद जिले का कलेक्टर बनाया गया है। जन्मेजय महोबे को जांजगीर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। सर्वेश्वर भुरे को राजनांदगांव जिले का कलेक्टर बनाया गया है।

# रेल्वे क्षेत्र में व्याप्त समस्या पर अश्वनी शर्मा ने रेल प्रशासन से चर्चा की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में सोमवार को नगर पालिका अंतर्गत आने वाले रेल्वे के क्षेत्र में जनसुविधाओं को यथाशीघ्र विकसित करने रेलवे के अधिकारियों से बैठक कर चर्चा की। इस चर्चा में स्टेशन परिसर सहित रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले नगर के क्षेत्र में साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं के उन्नयन के मुद्दे विशेषतौर पर शामिल रहे। गौरतलब है कि मुंबई-हावड़ा रेल लाइन में प्रदेश की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर के बीच भाटापारा एक महत्वपूर्ण स्टेशन है साथ ही इस स्टेशन से विशिष्ट आय रेल प्रशासन को प्राप्त होता है लगभग वर्षभर पहले से स्टेशन के उन्नयन का कार्य भी शुरू हुआ है लेकिन कार्य की धीमी गति से शहरवासी परेशान हैं। नगर में आवागमन के लिए स्टेशन के सामने की सड़क एक प्रमुख मार्ग है लेकिन निर्माण कार्य की कछुआ चाल की वजह से जहां सड़क धूल से भरा हुआ है, वहीं सड़क में जगह-जगह निर्माण सामग्री बिखरी हुई है। अधूरे निर्माण कार्य से हादसे की भी आशंका लगातार बनी हुई है।

इसको ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, स्टेशन के सामने एवं रेस्ट हाउस के समीप स्थित नाले की नियमित सफाई और समुचित रखरखाव, सड़क चैड़ीकरण तथा दिहाड़ी मजदूरों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था एवं सदर बाजार अंडरब्रिज जैसे अनेक मुददो पर चर्चा करते हुये उक्त सभी समस्याओं का निदान शीघ्र करने की बात कही। उक्त अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सतीश तलरेजा, गोविंद पटेल, मनीष पंजवानी, आशीष जायसवाल सहित स्टेशन मास्टर अजय कुमार, सीएचआई अरुण कुमार, सीसीआई ठाकुर नाग विशेष रूप से उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों ने बैठक के बाद चर्चा में शामिल स्थलों का निरीक्षण भी किया।

# डहरिया को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण



**भाटापारा।** आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के शत्रुहन डहरिया को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में खेल एवं युवा कल्याण तथा राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंक राम वर्मा द्वारा डॉ आंबेडकर चैक बलौदाबाजार स्थित ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित श्रेष्ठ पालकत्व कैरियर मार्गदर्शन एवं समर कैंप का शुभारंभ कार्यक्रम मैं तेरे दिल का टुकड़ा का आयोजन वरिष्ठ एंकर पुनीत पाठक द्वारा किया गया था, जिसमें जिले के समस्त आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती विकासखंड शिक्षा अधिकारियों समन्वयकों गणमान्य नागरिकों एवं बच्चों की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अलंकरण से स्कूल के समस्त पालकों, बच्चों, शिक्षकों, मित्रों आदि में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि शत्रुहन डहरिया ने सामुदायिक सहयोग से शाला में ढाई साल में 10 लाख रुपए से ज्यादा सामुदायिक सहयोग प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्य किया है। इन्होंने छत्तीसगढ़ शासन, बीईओ रामजी पाल, एबीईओ भास्कर देवांगन, बीआरसी दुर्गेश शर्मा, लेखराम साहू, शैलेंद्र नामदेव , मुकेश देवांगन व समस्त शिक्षकों, स्टाफ इन सभी के बधाई संदेश के लिए आभार प्रकट किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरतन शर्मा ने अटल परिसर का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन मे मुंशी इस्माईल वार्ड स्थित डॉ.सहेता के बाजू मे रिक्त पडे भूमि नहर किनारे मे अटल परिसर के निर्माण बाबत भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विधि विधान से शिवरतन शर्मा ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन कार्य मे भाग लिया उक्त अवसर पर उन्होने अटल परिसर मे अटल बिहारी बाजपाई के मूर्ति के साथ वहां पर गार्डन व्यवस्था किये जाने की बात कही। उपरोक्त मौके पर पालिकाध्य अश्वनी शर्मा, दिलीप छाबड़िया, गोविंद पटेल, रूपचंद थारानी, घनश्याम आर्य, कैलाश बालानी, दरवेश हबलानी, राकेश मंधान, प्रकाश ठाकुर, घनश्याम आर्य व शुभम राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भाटापारा बाजार में वैवाहिक मुर्हूत के पूर्व ग्राहकी का आया सैलाब



**भाटापारा।** इन दिनो नगर मे चैत्र नवरात्रि के समाप्ति के पश्चात से आने वाले वैवाहिक शुभ मुर्हूत को लेकर बाजार मे हलचल तेज है शादी विवाह के समारोह मे बिकने वाले तमाम सामान खासकर ग्रामीण परिवेश मे प्रयुक्त होने वाले सभी वैवाहिक कार्यक्रम के सामाग्रियो का बाजार धडल्ले से बिकने लगा है जिसमे मौर, पर्रा, कलश, झांपी, मंडप सजाने के तमाम साज सज्जा के सामान तथा मनिहारी एवं जनरल स्टोर्स के विभिन्न आयटम धडल्ले से बिक रहे है इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर ग्राहक डिस्पोजल कप दोना पत्तल गिलास तथा पतरी तथा बूंदी लडडू एव करी लडडू का आर्डर बुक रहे है जिससे भाटापारा के हलवाईयो की पूछ परख बढ गई है वहीं आने वाले वैवाहिक सामारोह के लिये मंगल भवन सामुदायिक भवन सहित अन्य भवन प्रांगण व स्कूल भवन को आरक्षित कराने अभी से ग्रामीण जुट गये है इसके अलावा बारात जाने चैथिया जाने जैसे अन्य कार्यक्रम के लिये भी सड़क मार्ग पर दौड़ने वाली बस व अन्य चार पहिया वाहनो जिसमे कार, टैक्सी सहित मेटाडोर, छोटा हाथी, माजदा, पिकअप एवं डीआई वाहन की अग्रिम बुकिंग भी शुरू हो गई है इसी प्रकार इंटरप्राईजेस दुकान मे ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर लोग पूरा मेटाडोर व ट्रेक्टर लेकर दान दहेज के सामान पलंग, कुर्सी, आलमारी, फ्र ीज, सिलाई मशीन, सोफ ा, डायनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, वासिंग मशीन, मिक्सी व गददा के अलावा तमाम आधुनिक एलईडी टीवी सहित अन्य सामान खरीदकर बडी तादाद मे भाटापारा से गांव की ओर जा रहे है इसी तरह के ग्राहकी का जबरदस्त माहौल सराफ ा बाजार मे भी दिखने को मिल रहा है जहां पायल, पैजब, सोने का हार, अंगूठी व करधन, बिछिया लेने वालो का सैलाब उमड़ पड़ा है इसी तरह के ग्राहकी का संपूर्ण माहौल कपड़ा व बर्तन दुकानो मे भी उमड़ पड़ा है कुल मिलाकर शादी विवाह के आने वाले वैवाहिक मुर्हूत की पूर्व से बाजार गरम हो गया है।

# खरसिया बलौदाबाजार नया रायपुर परमालकसा रेल मार्ग धमनी की तरह काम करेगा यात्री ट्रेन शहर के अंदर आयेगी मालगाड़ी के लिये बाईपास रेलमार्ग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा केन्द्रीय कैबिनेट के बैठक मे मंजूर किये गये खरसिया रेल्वे स्टेशन से लेकर बलौदाबाजार नया रायपुर परमालकसा रेल प्रोजेक्ट के बारे मे प्रेस कांफ्रे स कर बताया है कि उक्त योजना से छत्तीसगढ राज्य को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिल सकेगा बलौदाबाजार के रेल नेटवर्क मे जुडने से समुचा क्षेत्र नई धमनी की तरह कार्य करेगा और यह ओडिसा राज्य की सीमा से महाराष्ट्र राज्य के सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा लाखो लोगो को उपलब्ध करायेगा। रेल मंत्री का कहना है कि खरसिया बलौदाबाजार नया रायपुर परमालकसा रेल प्रोजेक्ट देश का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है इस प्रोजेक्ट के पूरे होने से बलौदाबाजार दुर्ग राजनांदगांव, जांजगीर चांपा, बिलासपुर व रायगढ जिले के लोग सरलता व सुगमता पूर्वक जुड सकेंगे इस रेल कॉरीडोर मे कुल 21 रेल्वे स्टेशन बनाये जायेंगे साथ हीं उक्त रेल लाईन मे 48 बडे आकार के ब्रिज बनेंगे वहीं 349 माईनर ब्रिज बनेंगे उक्त नई रेल लाईन मे 14 फ्लाई ओव्हर एवं 184 अंडर पास का निर्माण होगा स्थानीय स्तर पर निवासियो को दिक्कत न हो इसके लिये पांच रेल फ्लाई ओव्हर भी बनाये जायेंगे उक्त प्रोजेक्ट से 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाई जायेंगी जिसमे 278 किलोमीटर का रास्ता तय होगा इस रेल लाईन के निर्माण के बाद से 8 से ज्यादा मेल एक्सप्रेस यात्री ट्रेनो का संचालन भी शुरू हो सकेगा इस रेल मार्ग से भगवान राम के वनवास के दौरान माता शबरी के प्रसंग से जुडे लक्ष्मीनारायण मंदिर का भी इस रेल नेटवर्क से संपर्क हो सकेगा बलौदाबाजार जैसे सीमेंट उत्पादन के बडे इंडस्ट्रीयल हब भी इस रेल मार्ग के जरिये जुडकर बेहतर औद्योगिक वातावरण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे इस रेल मार्ग के निर्माण के दौरान स्थानीय लोगो की सुविधा के लिये रेल्वे अब बाईपास पद्धति को अपना रहीं है इसके तहत मालगाडी को शहर से बाहर निकालते हुये केवल यात्री रेल गाडियो को शहर के अंदर एन्ट्री दी जायेगी।

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर



आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडु जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रहीं। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

- ललित गर्ग

# मोदी का नया मंत्र-देरी विकास का दुश्मन

**अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है।**



**लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की।**

उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पातीं। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं।'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू

**कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी।**

हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था।

- उमेश चतुर्वेदी

# भारी गर्जना व आंधी के बीच गार्डन का पेड़ गिरा, बारिश शून्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बुधवार रात्रि को क्षेत्र मे भीषण गर्जना के साथ तेज आंधी तूफ ान के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई जिससे भीषण गर्मी से परेशान लोगो को थोडी सी राहत जरूर मिली लेकिन उम्मीद के अनुरूप बारिश नहीं होने से तालाब नहर व डबरी जहां सूखे पडे है वही भू-जल स्तर भी नीचे चले गया है वर्तमान मे क्षेत्र मे अंधाधुंध औद्योगीकरण तथा पेड़ो की बेहताशा कटाई किये जाने के बाद उनके स्थान पर नये पौधे नहीं लगाये जाने का खामियाजा शहर व क्षेत्रवासियो को भेगना पड रहा है एक ओर जहां भीषण गर्मी से लोग जूझ रहे है वहीं दूसरी ओर भाटापारा शहर का भू-जल स्तर लगभग चार सौ फ ीट नीचे पहुंच गया है शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे जल संकट से निपटने के लिये अनेक लोगो द्वारा रातो रात बोर खनन कराया जा रहा है जिसमे 40 प्रतिशत ऐसे मामले भी आये है जहां बोर खनन के उपरांत पानी ही नहीं निकला है वहीं कुछ एक स्थानो पर पानी का स्त्रोत भी उठती धार की तरह प्राप्त हुआ है जिससे बोर खनन कराने वाले हारे हुये जुआरी की तरह बोर खनन के बाद भी पानी के लिये हाथ मलते रह गये है इस बीच बुधवार रात्रि को आये भीषण तूफ ान से शहर के एक मात्र प्राचीन मोती गार्डन मे विशालकाय वृक्ष धराशायी होकर नीचे गिर गया सौभाग्य की बात यह रही कि घटना के दौरान रात्रि मे गार्डन मे कोई नहीं था अन्यथा वृक्ष की मार से कोई भी गंभीर हादसा घटित हो सकता था प्रातरू वृक्ष गिरने की जानकारी होने पर मॉर्निंग वाक मे घूमने वाले गार्डन पहुंचे व जड़ से उखडे हुये पेड को देखने हुजूम लगा रहा कुछ महिलाये उस पेड की लकडियो को अपने घरेलू उपयोग के लिये ले भी गये इस तरह जो गरजते है वे बरसते नहीं की तर्ज पर बुधवार को आंधी तूफ ान व गर्जना खाली हुई बारिश उम्मीद के अनुसार नहीं हुई।

# अश्वनी शर्मा ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे पूर्ण बहुमत के साथ अश्वनी शर्मा के नेतृत्व मे पालिका मे भाजपा की सरकार बनने के बाद से सफ ाई व्यवस्था मे जहां एक ओर सुधार दिखने लगा है वहीं दूसरी ओर विभिन्न वार्डो मे लगातार विकास के कार्य कराये जाने बाबत भूमिपूजन कार्यक्रम प्रारंभ हो गये है प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्ग निर्देशन मे पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्थानीय पालिका परिसर मे प्रथम तल के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया वहीं विभिन्न वार्डो मे नाली सीसी रोड निर्माण तथा अन्य कार्यो का भूमिपूजन भी किया गया पालिका मे जहां प्रथम तल पर कक्ष



निर्माण कार्य तथा मुंशी इस्माईल वार्ड मे नहर के किनारे अटल परिसर निर्माण संत कर्मा वार्ड मे नाली निर्माण कार्य गांधी मंदिर वार्ड मे नाली निर्माण कार्य तथा दाउ कृष्ण कुमार वार्ड मे नाली निर्माण कार्य सहित अन्य अनेक कार्यो का भूमिपूजन किया गया। उक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा, पार्षद, चंद्रप्रकाश ध्रुव, कीर्तन जायसवाल, दिनेश साहू, नीरज, शिव वर्मा, रवि वर्मा, रामचंद वर्मा, दादू ध्रुव, लोकेश जायसवाल, छोटू जायसवाल, मनीष मिश्रा, मनीष पंजवानी, आशीष जायसवाल, संतोष पांडे, प्रवीण शर्मा, बादल देवांगन, बीएल यादव, शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर, रविन्द्र जैन, रूपचंद थारानी, घनश्याम आर्य, राकेश मंधानी, कैलाश बालानी, दरवेश हबलानी, सुनील यदू व पुरूषोत्तम यदू सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# अधूरे स्टेडियम निर्माण को शीघ्र पूरा करने निर्देश दिये शिवरतन शर्मा ने



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने माता देवालय सर्कस मैदान मे स्थित अधूरे पडे स्टेडियम निर्माण का अवलोकन किया इस दौरान शर्मा ने अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने व जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिये उक्त स्टेडियम के निर्माण हो जाने से शहर व क्षेत्र के खेल प्रेमी युवाओ को एक बेहतर खेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा मौका मुआयने पर मौजूद पालिका के कार्यपालन अभियंता अवधिया एवं उप अभियंता कमलेश साहू को स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक कमियों को सुधार कर उसे व्यस्थित रूप देने के निर्देश शिवरतन शर्मा ने देते हुये उम्मीद प्रकट की है कि स्टेडियम का निर्माण शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा उपरोक्त मौके पर दिलीप छाबडिया, गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा, प्रकाश ठाकुर, शुभम राजपूत, राकेश मंधान, सुरेश किंगरानी, कैलाश बालानी, बल्देव मंधान, मुरलीधर राव व श्रीधर राव सहित अनेक खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ज्योत जंवारा का विसर्जन

**भाटापारा।** नगर के शीतला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिन तक चले इस पर्व में हजारों श्रद्धालुओं ने घृत और तेल की ज्योत प्रज्वलित कर माता से मनोकामनाएं मांगीं। अष्टमी को हवन और पूजन हुआ। नवमी के दिन बाल कन्याओं का पूजन कर उन्हें भेजन कराया गया। कन्याओं को माता का रूप मानकर आर्शीवाद लिया गया। नवमी को ही जंवारा पूजन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा वार्डों से होते हुये शीतला मंदिर स्थित तालाब पहुंची। वहां माता का जवारा विसर्जित किया गया। शोभायात्रा के दौरान वार्डवासियों ने अपने-अपने द्वार पर आरती उतारकर माता का स्वागत किया। माता से आर्शीवाद लेकर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। शोभायात्रा में बैगा, पुजारी और भक्तों ने सुमधुर जस गीत गाये। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भव्य आयोजन के दर्शन के लिए पहुंचे।



# शिक्षक कन्हैया साहू भोपाल में हुये सम्मानित

**भाटापारा।** भेपाल के श्यामला हिल्स मे स्थानीय शिक्षक लेखक कवि साहित्यकार कन्हैया लाल साहू को राम भाउ कोपुलवार बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर बाल कल्याण एवं बाल साहित्य संस्थान के महेश सक्सेना उपस्थित थे। कार्यक्रम मे श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, द्रविन्द्र मोरे, खेमसिंह डहेरिया, श्यामा गुप्ता इस वर्ष भीष्म सिंह चैहान बाल साहित्य सम्मान डॉ. वन्दना मिश्रा को, अरुणा निगम बाल साहित्य सम्मान सुनीता शर्मा सिद्धि को, डॉ. राष्ट्र बन्धु बाल साहित्य सम्मान डॉ. नीलू शुक्ला को, डॉ. हुकुम पाल सिंह बाल साहित्य सम्मान अशोक धमेनिया को पन्नालाल शर्मा बाल साहित्य सम्मान किरीट गोस्वामी को, मास्टर गेंदालाल जायसवाल बाल साहित्य सम्मान पवन चैहान को, कवि रंजन सेन गुप्ता बाल साहित्य सम्मान गिरीश पंकज को, तारा पांडे बाल साहित्य सम्मान हेमलता दाधीच को, प्रभाकर दुबे बाल साहित्य सम्मान प्रदीप नवीन को, गिरिजा शंकर जोशी बाल साहित्य सम्मान डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री को, शंभू दयाल शुक्ल बाल साहित्य सम्मान देवी प्रसाद गौड़ को, शिवनारायण सूर्यवंशी बाल साहित्य सम्मान मनोहर चमोली मनु को, श्याम उपाध्याय बाल साहित्य सम्मान नविता जौहरी को, ज्ञानसिंह आर्य बाल पत्रिका सम्मान बाल किरण पत्रिका को, जितेन्द्र कुमार जैन चिकित्सक सम्मान डॉ. तरुण डाले को दिया गया।



# साहू समाज के सम्मेलन में इन्द्र साव ने कहा समाज का हित सर्वोपरि



**भाटापारा।** तहसील साहू संघ तरेंगा राज के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सिंगारपुर मावली में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक थे। विशिष्ट अतिथि दीनदयाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ एवं विशेष अतिथि के रूप में दयालु राम साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, कोमल साहू अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र, राम सागर साहू अध्यक्ष सिंगारपुर परिक्षेत्र एवं राजेश साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज थे। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना के उपरांत तहसील साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण दिया, तदुपरान्त नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं पार्षदो का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया। समाज को संबोधित करते हुये विधायक इन्द्र साव ने कहा कि हमें संगठित होकर काम करना है, तभी हम नई पीढ़ी को दिशा दे पायेंगे। समाज का हित सर्वोपरि होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने एवं आभार प्रदर्शन पन्नालाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तिहारु राम साहू, लोकनाथ साहू, रामनाथ साहू, बाबूलाल साहू, ढेलूराम साहू, कल्याणी साहू, राजकुमारी साहू, कमला साहू, लिलेश्वरी साहू, भारत साहू व वीरेंद्र साहू आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

भाटापारा में अनूठे विवाह का आयोजन

# सभी 45 दूल्हे बैलगाडी में सवार होकर विवाह स्थल पर पहुंचे, सांसद बृजमोहन ने इस परंपरा की सराहना की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुर्रा स्थित जोगीद्वीप मे अपने सांस्कृतिक मूल्यो एवं परंपरा को जिंदा रखते हुये आदिवासी समाज के बैनर तले 54 जोड़ो का सामुहिक विवाह रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। उक्त शादी समारोह की खास बात यह रहीं की सभी बाराती व दूल्हे बैलगाडी मे सवार होकर बारात निकले और उक्त बारात की लंबी टोली ग्राम अर्जुनी से खम्हरिया होते हुये ग्राम गुर्रा के जोगीद्वीप पहुंची जहां पर उपस्थित सभी लोगो के साथ बाराती भी आदिवासी परिधान मे मौजूद थे। आदिवासी परंपराओ का पूरी तरह पालन करते हुये व आधुनिकता की चकाचैंध से दूर सभी वर पक्ष के लोग खासकर शादी मे दूल्हा बने लोगो ने बैल गाडियो मे सवार होकर विवाह स्थल जोगीद्वीप पहुंचे जहां महिलाओ ने दूल्हा सहित सभी बारातियो का आदिवासी पारंपरिक रिवाज का जोरदार स्वागत सत्कार किया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम मे भाग लेने विशेष रूप से क्षेत्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वहां पहुंचकर वर वधुओ को आर्शीवाद दिया। इसके पहले सांसद अग्रवाल ग्राम गुर्रा के शहीद नरेश ध्रुव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उन्हे याद किया। उपरोक्त अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत भाटापारा ब्लाक के इस छोटे से गांव मे आदिवासी गोंड समाज का यह पारंपरिक रूप से सामुहिक विवाह का आयोजन निश्चित रूप से छत्तीसगढ की प्राचीन संस्कृति को जीवित रखने का ज्वलंत उदाहरण है। गुर्रा के जोगीद्वीप मे आयोजित इस सामुहिक व पारंपरिक विवाह समारोह से अन्य समाज को भी प्रेरणा लेना चाहिये। सांसद ने इस अवसर पर यह भी कहा कि गुर्रा से जोगीद्वीप तक सड़क निर्माण की मांग बजट मे शामिल कर लिया गया है और शीघ्र ही सड़क निर्माण सहित अन्य समस्याओ का निराकरण कर लिया जायेगा उन्होने आदिवासी समाज को प्रकृति का प्रेमी व पुजारी बताते हुये इस प्रकार के आयोजन की प्रशंसा की। समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम ने उक्त अवसर पर कहा कि हमारे नई पीढी के युवाओ को आदिवासी परंपरा से जोड़ने और वर्तमान मे अंधाधुंध तरीके से बढ रहे वैवाहिक खर्च को घटाने की दिशा मे इस प्रकार के प्रेरणादायक विवाह समारोह आदिवासी समाज के बैनर तले आयोजित किया गया है जिसमे समाज सहित जिले के व क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि अधिकारी शामिल है। वैवाहिक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत दिये जाने वाले उपहार वैवाहिक जोडो को प्रदान किये गये।

## यादव व गोंड़ समाज के कार्यक्रम में शामिल हुये संयुक्त रूप से बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा

### दोनों ने सामाजिक एकता पर जोर दिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम तरेंगा मे गत दिनो छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा तरेंगा राज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमे सांसद बृजमोहन अग्रवाल व भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा शामिल हुये। समाज के लोगो ने उत्साह के साथ अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये बृजमोहन अग्रवाल ने समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शो धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम को आत्मसात करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा कि ठेठवार यादव समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ठेठवार यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है। कार्यक्रम को भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुये कहा कि गौरवशाली यदुवंश की सेवा परंपरा को कायम रखने वाले समाज को नमन करता हूं व यादव समाज ठेठवार आज अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शर्मा ने आगे कहा की अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ा यह समाज आज लगभग हर भारतीय परिवार से आत्मीय रूप से जुड़ा हुआ है वहीं दूसरी ओर भाटापारा विधानसभा के ग्राम गुर्रा जोगी द्वीप में आदिवासी गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भी सांसद बृजमोहन अग्रवाल व भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पहुंच कर सर्वप्रथम शहीद नरेश कुमार ध्रुव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया साथ ही देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस पुनीत अवसर पर 54 नवविवाहित जोड़ों को सुखी, समृद्ध और प्रेममय दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की गोंड आदिवासी समाज अपने संपूर्ण समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह जैसी आदर्श परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। यह सराहनीय पहल न केवल आर्थिक असमानता को समाप्त करने में सहायक है, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटे-बेटियों को भी गरिमा और सम्मान के साथ विवाह का अवसर प्रदान करती है।

ऐसी परंपराएं सामाजिक एकता और समरसता को सशक्त बनाने का माध्यम बन रही हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने गोंड समाज की संस्कृति एकता और परम्परा को प्रणाम कर कहा की सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज द्वारा किया जाने वाला श्रेष्ठ कार्य है। इसमें पूरे समाज का आशीर्वाद जोड़े को मिलता है और परिवार को विवाह का भारी-भरकम खर्च भी नही उठाना पड़ता है। इस अच्छी परंपरा को हर समाज आज अपना रहा है। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति का भी कर्तत्व्य बनता है कि समाज के रचनात्मक गतिविधियों में अपना योगदान दे और अपने समाज को आगे बढ़ाये।

## भाटापारा को स्वच्छ व समृद्ध बनाना हमारा लक्ष्य - शिवरतन शर्मा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** हमारा लक्ष्य और ध्येय शहर को स्वच्छ समृद्ध बनाना व जनता को हर वह सुविधा उपलब्ध कराना है जिसके प्रति जनता ने भाजपा को पालिका मे स्पष्ट बहुमत देकर सत्ता सिहासन की बागडोर सौंपी है विकास के उददेश्य को पूरा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उक्त बाते शिवरतन शर्मा ने नगर के हथनीपारा वार्ड में 75 लाख की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये कही। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अब तक भाटापारा नगर सहित हथनीपारा वार्ड में जितने भी विकास के कार्य हुये है वो सभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुये है शर्मा ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से अब तक 13 करोड़ से अधिक की राशि नगर को विकास कार्यों के लिये प्राप्त हो चुकी है, इस से पहले भी जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में थी तब भी करोडो के विकास कार्य नगर में किये गये है, पानी टंकी का निर्माण हो, सड़क का निर्माण हो, गौरव पथ, हाई मास्क लाइट, तालाबों का सौन्दरयीकारण, सड़को का डामरीकरण जैसे अनेको कार्य किये गये जब से नगर पालिका में भाजपा के अश्वनी शर्मा अध्यक्ष बने है तब से नगर में विकास कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य गुणवत्ता पूर्ण और शीघ्र करने प्रयास जारी है, जिससे नगर वासियो को मुलभुत सुविधाएं मिल सके। उपरोक्त अवसर पर सुनील यदु, राकेश तिवारी, बाल गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, देवेंद्र साहू, दसरथ साहू, नंदकिशोर अग्रवाल, सजीवन साहू, वाय पी सोनी, रज्जु साहू व लालू मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता, वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शहर के महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सार्वजनिक शौचालय बंद होने से आम नागरिक परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर मे दो प्रमुख स्थानो पर वर्षो पूर्व बनाये गये सार्वजनिक शुलभ शौचालय के बंद होने से लोगो को शौच क्रिया व लघुशंका के कार्यो मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैड के पास अरसे पहले बनाये गये सार्वजनिक शौचालय से एक ओर जहां विभिन्न यात्री बसो के यात्री तथा आस पास वार्ड के महिला पुरूष बडी तादाद मे शुलभ शौचालय का उपयोग करते थे लेकिन पिछले कुछ दिनो से भू-जल स्तर नीचे गिर जाने के बाद शुलभ शौचालय का बोर फे ल हो गया है फ लस्वरूप बस स्टैड स्थित शुलभ शौचालय बंद हालत मे है जिसके कारण शौच क्रिया स्नान ध्यान व लघुशंका के लिये आने जाने वाले हजारो लोगो को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है शुलभ शौचालय की सुविधा नहीं होने से बाहर से आने वाले ट्रक ड्राईवर, खलासी व अन्य लोग बडी तादाद मे मंडी रोड लिंक रोड की ओर खुले स्थान पर अब शौच क्रिया कर रहे है जिससे स्वच्छ भारत अभियान को धक्का लगा है इसी तरह अतिव्यस्त हटरी बाजार के बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज के समीप बहुत पहले से बनाये गये सार्वजनिक शुलभ शौचालय जहां पर पे एंड यूज के तहत शौचालय संचालित था जिसमे संपूर्ण हटरी बाजार के किराना व्यवसायी सब्जी व्यवसायी के अलावा ग्राम तरेंगा, कुलीपोटा से आये महिला सब्जी विक्रेता एवं आस पास के वार्डो के लोग अपनी निस्तारी सुविधा के साथ साथ शौच क्रिया व लघुशंका के लिये हटरी बाजार स्थित शुलभ शौचालय का प्रयोग करते थे लेकिन शुलभ शौचालय की जर्जर स्थिति के कारण उसे पिछले छह माह से बंद कर दिया गया है फ लस्वरूप हजारो लोगो को शौच क्रिया एवं स्नान क्रिया व लघुशंका के लिये परेशानियो से जूझना पड़ रहा है जनहित मे प्राथमिकता के साथ उक्त दोनो प्रमुख स्थलो पर नये शुलभ शौचालय निर्माण की जरूरत है जिस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिये वही एक अन्य सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार तहसील चैक के पास स्थित सार्वजनिक शुलभ शौचालय तथा हथनीपारा रावण भांठा के समीप स्थित शुलभ शौचालय भी विगत कई वर्षो से बंद की स्थिति मे है फ लस्वरूप वहां ताला लटकने से लोगो को कोई सुविधा लाभ नहीं मिल रहा है। तहसील चैक के पास स्थित शुलभ शौचालय तो खंण्डहर मे तब्दील हो रहा है व असामाजिक तत्व वहां पर गेट का ताला तोडकर अनैतिक कार्य तक कर रहे है इसी तरह हथनीपारा रावण भांठा मैदान के पास बंद पडे शुलभ शौचालय मे जुआ खेलने वालो का मजमा लगा रहता है साथ हीं उक्त शौचालयो के बंद होने से आस पास के क्षेत्रो मे लोग खुले स्थान पर शौच क्रिया कर रहे है जिससे चारो तरफ गंदगी व बदबू पूर्ण वातावरण का माहौल बना हुआ है। आम नागरिको को बंद पडे शौचालय के कारण हो रहीं परेशानियो के संबंध मे पालिका अधिकारी के पक्ष जानने का प्रयास मोबाईल द्वारा किया गया लेकिन किन्ही कारण उनसे मोबाईल संपर्क नहीं हो पाया।

# पालिकाध्यक्ष ने अधूरे पड़े बारात घर को शीघ्र पूरा करने कहा



**भाटापारा।** नगर के एकमात्र गार्डन तथा सुभाष बाजार स्थित बारात घर का शीघ्र ही जीर्णोद्धार करके आम जनता के लिये उसे सौंपा जायेगा उक्त बातें पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने गार्डन व बारात घर के निरीक्षण के पश्चात वहां व्याप्त समस्या को दूर करने के निर्देश पालिका अधिकारियो को देते हुये गार्डन व बारात घर मे समुचित व्यवस्था व सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अश्वनी शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाटापारा सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद के रूप में जाना जाता है। एक बड़ी आबादी वाले शहर में वर्षों से महज एक ही उद्यान है, जिसमें सुबह-शाम बच्चे और बुजुर्ग खेलने और सैर के लिए जाते हैं लेकिन पूर्ववर्ती निकाय पदाधिकारियों की उदासीनता की वजह से उद्यान की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती रही है। आलम यह हो चला है कि उद्यान में बच्चों के खेलने के लिये झूले, फिसल पट्टी और अन्य खेल सामग्री टूटी हुई है। वहीं फव्वारा भी काम नहीं कर रहा है। आराम के लिए लगी कुर्सियों भी टूटी हैं। शाम के बाद अंधेरा होने पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने से जीव-जंतुओं द्वारा काटने या अन्य तरह के हादसे की आशंका बनी रहती है। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बच्चों समेत उद्यान पहुँचने वाले नगरवासियों की सुविधाओं को देखते हुये तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराने और अधोसंरचनात्मक रूप से बदलाव के लिये निर्देश जारी किये हैं। इसके साथ ही नपा अध्यक्ष शर्मा ने सुभाष बाजार मे लगभग डेढ़ दो दशक पुराने बारात घर का भी निरीक्षण किया। जिसमे व्याप्त अव्यवस्था व कमियो को दूर करते हुये उसका जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ कर बारात घर को आम जनता के लिये प्रारंभ करने के लिये उन्होने कहा है। अध्यक्ष के साथ पालिका के अनेक पदाधिकारी पार्षद अधिकारी कर्मचारी व भाजपा नेता गार्डन एवं बारात घर निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत सचिव की मांग जायज - सुशील शर्मा



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत सचिव के हड़ताल को उचित व जायज बताते हुये पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने हड़ताली सचिव संघ के पंडाल पर पहुंचकर उनकी मांगो का पुरजोर समर्थन किया है। उक्त अवसर पर सुशील शर्मा ने सचिव संघ की शासकीयकरण की मांग को न्याय संगत बताते हुये उनकी मांग को शीघ्र पूर्ण करने कहा है कि शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के नाम पर चुनाव के समय वोट मांगने वाली भाजपा सरकार को अपनी किये गये वायदे से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार कर्मचारियो के साथ विश्वासघात कर रहीं है इसका जीता जागता उदाहरण पंचायत सचिव की हड़ताल है क्योकि विष्णुदेव सरकार को शासन मे बैठे 14 महीने से अधिक का समय बीत रहा है उसके बाद भी वे सचिव संघ की जायज मांग पर चुप बैठे है। उक्त अवसर पर बसंत भृगु, अरूण यदु, विमल शर्मा, सचिन्द्र शर्मा व सुरेश देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संतमाता कर्मा के बताये मार्ग पर चलकर समाज को संगठित करें - इन्द्र साव



**भाटापारा।** संतमाता कर्मा की भक्ति सेवा और समर्पण की भावना से साहू समाज संस्कारवान एवं धर्मनिष्ठ बनने की प्रेरणा लेता है। उक्ताशय के उदगार क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के गांव चंदिया पथरा मे आयोजित संतमाता कर्मा की मूर्ति प्रांण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यक्त किये। साव ने आगे कहा कि वे गांव की शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये स्वयं जिम्मेदारी उठावे व आगे आकर ग्रामीण क्षेत्र मे बढ रहीं असामाजिक गतिविधियो एवं नशाखोरी रोकने के लिये काम करें उन्होने यह भी कहा कि युवाओ व समाज से जुडे लोगो को सभी प्रकार के बुराईयो से बाहर निकलते हुये समाज के निर्माण मे योगदान देना चाहिये। उपरोक्त अवसर पर संतोष साहू, लोकनाथ साहू, कमलेश साहू, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, तीजूराम साहू, राजूराम साहू, हेमलाल साहू, भीषम साहू, दिनेश साहू, कोमल टंडन व विष्णु कोशले सहित बडी संख्या मे साहू समाज के महिला पुरूष एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यालय में शिवरतन ने बाबा साहब को जयंती पर याद किया



**भाटापारा।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 135 वी जन्म जयंती के अवसर पर स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय मे उनके योगदान को याद करते हुये उपस्थित लोगो ने जयंती कार्यक्रम मनाया। उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्पहार व द्वीप प्रज्जवलित कर उनके योगदान का स्मरण किया व कहा कि उनके संघर्ष व जीवन से कार्यकर्ताओं को सीख लेना चाहिये। उक्त अवसर पर महाबल बघेल, नंदकिशोर अग्रवाल, राकेश तिवारी, मोहन बांधे, गोविंद पटेल, उमाशंकर वर्मा व आयशा खान सहित सैकडो अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बंद पड़े आयुर्वेदिक औषधालय को प्रारंभ करने की मांग

**भाटापारा।** वर्तमान समय मे आम जनजीवन मे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बढते उपयोग को देखते हुये भाटापारा मे एक अरसे से बंद पडे भाटापारा नगर पालिका आयुर्वेदिक औषधालय को तुरंत प्रारंभ किये जाने की दरकार है। सन 1935 मे जब भाटापारा नगर पालिका का गठन किया गया था उसके कुछ वर्षो बाद तत्कालिन जागरूक नागरिको की सोंच व पहल पर नगर पालिका को दान मे मिले भूमि व भवन मे आयुर्वेदिक औषधालय शासन की ओर से प्रारंभ किया गया था जिसका भरपूर लाभ लोगो को आयुर्वेदिक चिकित्सा के रूप मे मिल रहा था किन्तु पिछले 15 वर्षो से शहर का आयुर्वेदिक औषधालय जो कि नगर पालिका के अधिनस्थ संचालित था वह बंद पड़ा है उस औषधालय मे अंतिम आयुर्वेदिक डाक्टर के रूप मे डॉ. जयंत चित्तावर सेवा दे रहे थे लेकिन उनके सेवानिवृत्त होने के बाद से औषधालय पूरी तरह बंद पड़ा है और तो और डॉ. के अलावा निचले तमाम स्टाफ भी वहां मौजूद नहीं है जिससे लोगो को अब परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है अब जबकि दिनो दिन लोगो का रूझान आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति व आयुर्वेदिक दवाओ की ओर बढ रहा है ऐसे वक्त उक्त आयुर्वेदिक औषधालय को प्रारंभ करना अति आवश्यक हो गया है।

# शहर में बैखौफ दौड़ा रहे हैं वाहन स्टंट बाज दुपहिया चालक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो तेजी से वाहन चलाने वाले लोगो का सड़को पर आतंक बढते जा रहा है अल सुबह से लेकर देर रात तक दर्जनो की संख्या मे कम उम्र के युवा तेज रफ्तार दुपहिया वाहन से स्टंट करते हुये सामान्य रूप से सड़क पर चलने वालो को भयभीत कर रहे है एक लंबे समय से ऐसे तत्वो के विरूद्ध ठोस कार्यवाही नहीं होने से तेज रफ्तार व मोडिफ ाई साईलेंसर के साथ बुलेट दौड़ाने वाले नाबालिग युवक सड़क पर धमाल मचा रहे है इनको पुलिस व यातायात विभाग का जरा भी खौफ नहीं है मोडिफ ाई साईलेंसर के साथ बुलेट दौड़ाने वाले नाबालिग सिनेमा लाईन, हटरी बाजार, सदर बाजार, महासती मंदिर मार्ग, संजय वार्ड व नेहरू वार्ड की गलियो मे आतंक मचाये हुये है इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही जरूरी हो गया है इसी तरह बडी तादाद मे शहर के भीतर व बाहरी हिस्सो मे नाबालिग वाहन चालक युवक युवतियां बडे पैमाने पर वाहन दौड़ा रहे है जिसके कारण आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है पिछले कुछ महीनो से शहर मे यातायात व्यवस्था बेलगाम हो जाने से दुपहिया व चैपहिया वाहन तेजी से दौड़ाने वाले बुलंद हौसले के साथ सड़क पर फ र्राटा भर रहे है और तो और छोटी उम्र के ऐसे वाहन चालक जिन्हे वाहन चालन की पात्रता नहीं है वे भी बेखौफ होकर सड़क पर वाहन दौड़ा रहे है जिसके कारण अनेक लोग अब तक दुर्घटना के शिकार हो चुके है शहर मे उक्त किस्म के वाहन दौड़ाने वालो के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की मांग करते हुये लोगो ने जिला पुलिस प्रशासन से नगर मे टेकृफि क बल बढाकर तथा ट्रेफि क सिग्नल जो बंद पडे है उन्हे प्रारंभ कर व्यवस्था मे सुधार करने तथा शहर मे लगाये गये सीसी टीवी के माध्यम से सर्च करते हुये फ र्राटे से वाहन दौड़ाकर स्टंट करने वालो की शिनाख्त करते हुये कार्यवाही की मांग की है।

# भाटापारा क्षेत्र में गर्मी से लोग हो रहे हैं परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** गर्मी के प्रचंड तेवर से शहर व क्षेत्र मे आमजन परेशान है बुधवार दोपहर को शहर का तापमान 40 डिग्री को क्रास कर गया जिसके कारण लोग चिलचिलाती धूप मे झुलसाने वाली गर्मी का सामना करते हुये बेचैनी महसूस करने लगे भारी गर्मी के कारण जहां एक ओर पानी की खपत बढ गई है वहीं जरूरी काम से शहर मे निकलने वाले लोग अब धूप से बचने के लिये छतरी, टोली स्काफ व अन्य साधनो का इस्तेमाल कर रहे है शासकीय, अद्धर्शासकीय कार्यालय, बैंक, बीमा, संस्थान व्यवसायिक परिसर रेल्वे स्टेशन मे गर्मी से बचने लोग कूलर व एसी का सहारा लेने मजबूर है। तेज लू चलने के कारण अनेक लोग बीमार पड रहे है परिणाम स्वरूप हास्पिटल मे भारी भीड़ का माहौल बना हुआ है शासकीय हास्पिटल सहित अन्य निजी हास्पिटलो मे सैकड़ो मरीज गर्मी के मौसम मे होने वाले विभिन्न बिमारियों का उपचार कराने पहुंच रहे है भीषण गर्मी मे शादी विवाह के सीमित मुर्हूत के कारण लोग न चाहते हुये भी गर्मी मे निकलकर उत्साह के साथ वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल हो रहे है वहीं शादी विवाह के कारण बाजार मे भी भारी चहल पहल का वातावरण बना हुआ है रेल्वे स्टेशन मे भाटापारा से गुजरने वाली तमाम मेल एक्सप्रेस व पैसिंजर ट्रेन मे भारी भीड चल रहीं है ट्रेन की जनरल बोगियो मे पैर धरने की जगह नहीं है वहीं रिजर्वेशन करवाकर यात्रा करने वालो को लंबी प्रतीक्षा सूची का सामना करना पड रहा है। तेज गर्मी का असर क्षेत्र के नदी नाला तालाब नहर मे भी दिखने लगा है जहां पानी की धार कमजोर हो गई है वहीं अनेक नहर तालाब सूखने के कगार पर पहुंच रहे है। शहर के अनेक वार्ड व गांव जल संकट की ओर आगे बढ रहे है सार्वजनिक बोरपंप मे पानी के लिये लोग सैकड़ो की संख्या मे लाईन लगाये खडे हुये है वहीं सर्वाधिक परेशान इस भीषण गर्मी मे मूक पशु हो रहे है जिन्हे गर्मी मे चारा संकट का सामना करना पड़ रहा है वहीं वे पीने के पानी की तलाश मे भटकने मजबूर है नगर से सात किलोमीटर दूर बहने वाली शिवनाथ नदी मे जल प्रवाह पहले की तुलना मे कमजोर हुआ है।



# 1 से लेकर कक्षा 12 तक आनलाइन आवेदन




ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ठेलका मे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक आनलाइन या आफलाइन फार्म दिनाक 10/4/2025 से 5/05/2028 तक भरा जायेगा । जिसमे कक्षाओं मे रिक्त सीटो की संख्या इस प्रकार है

कक्षा 1 - 50 ,कक्षा 2 - 0, कक्षा 3 - 0, कक्षा 4 - 0 , कक्षा 5 - 0, कक्षा 6 - 11 , कक्षा 7 - 2 , कक्षा 8 - 6 , कक्षा 9 - 7 , कक्षा 10 - 2 , कक्षा 11 - 42 , कक्षा 12 - 48

अधिक आवेदन की स्थिति मे लॉटरी के माध्यम से सीटो का आबंटन दिनांक 6/05/2025 से 10/05/2025 तक किया जायेगा और प्रवेश की अन्य कार्यवाही 11/05/2025 से 15/05/2025 तक किया जायेगा ।


विद्यार्थियो के एडमिशन हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेज की सूची

1. आधार कार्ड की छायाप्रति विद्यार्थी और माता पिता की
2. जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति
3. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
4. निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति
5. पिछले 2 वर्षों के अंकसूची की छायाप्रति
6. आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति
7. ट्रान्सफर सर्टिफिकेट ओरिजिनल
8. 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो
9. राशन कार्ड की छाया प्रति (बी.पी. एल)
10. अगर माता पिता का स्वर्गवास कोरोना काल में हुआ हो तो माता पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र (महातारी दुलार कोटे हेतु)

यह जानकारी संस्था के प्राचार्य श्रीटिकेश्वर लाल साहू ने दी है

# भाटापारा में जल संकट बरकरार, पांच मिनट की अल्प वर्षा के बाद उमस

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरवासियो को गुरूवार दोपहर बाद मात्र 05 मिनट की अल्प वर्षा से थोडी राहत मिली लेकिन बारिश के रूकते ही फि र से तापमान गरम हो गया हल्की बारिश के बाद भी भारी उमस से लोग परेशान रहे इस बीच विभिन्न क्षेत्रा मे अनेको बार विद्युत गुल होने से लोगो की परेशानी मे और ईजाफ ा हो गया। इस बार गर्मी की शुरूआत जबरदस्त रूप से मार्च महीने से ही शुरू हो जाने की वजह से लोग काफ ी परेशान हो रहे है जबकि अभी मई जून की गर्म हवाओ वाली गर्मी का दौर बाकी है इस बीच शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे अनेक तालाब कुंए डबरी, नहर, नाला सूख चुके है पानी के लिये आम इंसान के साथ साथ मूक जानवर भी यत्र तत्र भटक रहे है खासकर क्षेत्र मे हो रहे सघन औद्योगीकरण के कारण भू-जल स्तर काफ ी नीचे चला गया है शहर के अनेक वार्डो मे तो चल रहे बोर अब जवाब देने लगे है जिसके कारण लोगो को जल संकट से जूझना पड़ रहा है पानी संकट के बीच जगह जगह पालिका प्रशासन द्वारा टेंकर से लोगो को जल पहुंचाने का कार्य सुबह से देर रात तक चल रहा है। संत कर्मा वार्ड, नेहरू वार्ड, महासती वार्ड, भगत सिंग वार्ड, गुरूनानक वार्ड, दीन दयाल उपाध्याय वार्ड सहित कुछ अन्य मोहल्लो मे पानी को लेकर मारामारी का माहौल बन रहा है लोगो को पीने के पानी के अलावा नहाना कपड़ा धोना तथा घरेलू बर्तन व सामान धोने के अतिरिक्त लोगो को गर्मी से निजात पाने के लिये कूलर मे भी पानी की दरकार है शहर के मुशी इस्माईल वार्ड व रामसागर वार्ड ऐसे मोहल्ले है जहां हजारो की संख्या मे दुधारू मवेशी लोगो ने पाल रखे है उनको भी चारा पानी के साथ पानी देना जरूरी है इसलिये मौसम के हिसाब से जल की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ गई है ऐसी ही स्थिति गांव मे भी व्याप्त है जहां तालाब व डबरी भीषण गर्मी के चलते सूख चुके है शहर से लगे गांव खोलवा मे तो पेयजल के लिये लोगो को भारी मशक्कत करना पड़ रहा है ग्रामीण एक से दो किलोमीटर इधर उधर पेयजल के लिये भटक रहे है।



# नेशनल हेराल्ड के मामले को लेकर भाजपा ने घड़ी चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर आज प्रदेश भर में बीजेपी ने प्रदर्शन किया इस दौरान अंबिकापुर की घड़ी चौक में भी भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन कर जम कर प्रदर्शन किया गया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस कार्यालय को घेरने की भी तैयारी की गई थी वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ घेराव करने आ रहे प्रदर्शन KA - अंबिकापुर में नेशनल हेराल्ड के मामले को लेकल भाजपा ने घडी चौंक पर विरोध प्रदर्शन किया है





नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर आज प्रदेश भर में बीजेपी ने प्रदर्शन किया इस दौरान अंबिकापुर की घड़ी चौक में भी भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन कर जम कर प्रदर्शन किया गया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस कार्यालय को करने की भी तैयारी की गई थी वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ घेराव करने आ रहे प्रदर्शन करियो को गुड और पानी पिलाकर स्वागत की तैयारी में थे लेकिन घेराव करने नही आये। नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति कांग्रेस की नहीं है उसमें कई शेरधारक थे लेकिन इसे कांग्रेस अपना बनाने की कोशिश कर रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को गर्मी हो गई है इसलिए उन्हें पानी पिलाने के लिए आज अपने कार्यालय के पास पानी लेकर खड़े थे लेकिन वे लोग नहीं आये प्रदर्शनकारियों को गुड़ और पानी पिलाकर स्वागत की तैयारी में थे लेकिन घेराव करने नहीं आये। नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति कांग्रेस की नहीं है उसमें कई शेयर धारक थे लेकिन इसे कांग्रेस अपना बनाने की कोशिश कर रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को गर्मी हो गई है इसलिए उन्हें पानी पिलाने के लिए आज अपने कार्यालय के पास पानी लेकर खड़े थे लेकिन वे लोग नहीं आये।

# बिना परमिट दौड़ रही मालवाहक और स्कूल बसें, कईयों की जान जोखिम में

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नगर सहित पूरे बेमेतरा जिले में बिना परमिट और बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के मालवाहक वाहन और स्कूल बसें खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं। यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षित वर्ग के लोग भी इस गैरकानूनी कार्य में शामिल हैं। परिवहन विभाग को इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, यहां तक कि कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया, लेकिन कार्रवाई न के बराबर रही। बीते एक माह में नगर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई परिवारों ने अपनों को खो दिया। इसके बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।




प्रमुख नामी विद्यालय सहित अन्य स्कूलों की बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जो कि अत्यंत खतरनाक है। विगत दिनों कवर्धा एवं अन्य जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के बाद शासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर लेन-देन के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा।

शिकायतों के बाद 17 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अरविंद भगत अपनी टीम के साथ बस स्टैंड पहुंचे, परंतु वहां अधिकतर वाहन पहले से ही गायब मिले। यह संदेह को और गहरा करता है कि कहीं प्रशासन और वाहन मालिकों की मिलीभगत तो नहीं?

इस विषय पर यातायात महासंघ के जिला अध्यक्ष श्री गोपाल साहू ने गहरी नाराजगी जताई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि विभागों ने इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, परिवहन विभाग और पुलिस को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। चेकिंग के दौरान चार लोगों के ऊपर 4800, 4800 का ऑनलाइन चालान किया गया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अरविंद भगत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला बेमेतरा

# उमरावनगर में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

## खनिज विभाग मौन, प्रशासनिक लचरता उजागर



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** जहां एक ओर सरकार जल, जंगल और जमीन को बचाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर थानखम्हरिया नगर से लगे उमरावनगर ग्राम में पुराने बांध क्षेत्र में अवैध खनन अपने चरम पर है। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग एवं स्थानीय प्रशासन आंख मूंदे बैठा है, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

पूर्व सरपंच चित्ररेखा कपिल साहू, पंच भगत साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, हरिश्चंद्र साहू, ग्राम पटेल व हेमंत साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने बताया कि उमराव नगर के ऐतिहासिक बांध क्षेत्र में माटी का अवैध उत्खनन एवं ट्रांसपोर्ट छोटे नेताओं के वरदहस्त में लगातार जारी है। ग्रामीणों के अनुसार खनिज विभाग की अधिकारी अर्चना शर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, जिससे विभाग की निष्क्रियता स्पष्ट नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से बांध को क्षति पहुंच रही है, जिससे जलस्तर में गिरावट और पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है।हजारों एकड़ भूमि जो इस बांध के जल से सिंचित होती है, भविष्य में संकट में पड़ सकती है। मिट्टी के कटाव से गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।शासन को भारी राजस्व हानि हो रही है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर राधा कृष्ण जमात मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और संपूर्ण वातावरण जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन और विशेष श्रृंगार से हुई। यजमान संजय सिंघानिया, धर्मपत्नी माया सिंघानिया, सुपुत्र आयुष



सिंघानिया एवं उनकी पत्नी अस्मिता सिंघानिया ने विधिवत पूजा कर आरती संपन्न की। पूजन कार्य को पंडित ओमप्रकाश जोशी एवं आचार्य बलदेव जोशी ने वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया।

भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ के साथ साथ 11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। पश्चात सवा मनी बूंदी का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया।

ऐसी मान्यता है कि हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंगबली के दिव्य रूप के दर्शन मात्र से ही सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

इस पावन अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, कपिल सिंघानिया, हितेश कजलीवाल, नटवर सिंघानिया, साकेत सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, संतोष सिंघानिया एवं कान्हा सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।भक्ति, भाव और उत्साह से ओतप्रोत यह आयोजन क्षेत्र में धर्म-आस्था और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# नं.पं.अध्यक्ष अनीता अग्रवाल को प्रदान किया गया अग्र गौरव सम्मान

**थानखम्हरिया।** रायपुर में अग्रवाल समाज के द्वारा आयोजित अग्र गौरव सम्मान कार्यक्रम में थानखम्हरिया नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल का सम्मान किया गया। हाल ही में संपन्न हुये छ. ग. नगरीय निकाय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के चुनावों में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि चुने जाने पर अग्रवाल सभा रायपुर तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में मैक कॉलेज ऑडिटोरियम समता कॉलोनी रायपुर में इनका अग्र गौरव सम्मान किया गया। थानखम्हरिया नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल का इसी क्रम में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अनीता अग्रवाल का सम्मान किया। अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल,



सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बिशंभर अग्रवाल आदि की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। अनीता अग्रवाल को सम्मानित किये जाने पर पुरूषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अतुल सिंघानिया, हरि अग्रवाल, हितेश कागलीवाल, साकेत अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, साकेत सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, पंकज अग्रवाल, यशेष अग्रवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अनीता अग्रवाल को बधाई दी।

# अंबिकापुर गांधी स्टेडियम के बगल में 4 दुकानों में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर के हृदय पर हुई चोरी ने पुलिस की गस्त पर सवाल खड़े कर दिये है,एक ही रात में पांच दुकानों में अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कि वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए है,सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, दरअसल अंबिकापुर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी स्टेडियम के पास स्थित पांच दुकानों में बीती रात अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कि गई है,जहां दूकान के पीछे स्थित पेड़ से अज्ञात चोर दुकान के छत पर पहुंचे अक्षत के लोहे के दरवाजे को तोड़कर दो




किताब दुकान एक जूता दुकान समेत चार दुकानों में चोरी हुई है, जहां चारों दुकान से अज्ञात चोरों के द्वारा हजारों रुपए की नगदी समेत सामानों की चोरी की गई है हालांकि सामानों का आकलन अभी नहीं हो सका है इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई है मगर दुकान संचालकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खडे कर दिए हैं।

# शीतला माता की प्राचीन मूर्ति का नव निर्मित मंदिर में भव्य प्रतिस्थापन

## रणवीरपुर में धार्मिक आस्था और भक्ति का संगम, हवन-पूजन से गूंजा वातावरण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** समीप ग्राम रणवीरपुर में श्रद्धा और आस्था का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हम सभी के आराध्य देवी मां शीतला माता की प्राचीन मूर्ति का नूतन मंदिर में भव्य प्रतिस्थापन एवं प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर विद्वान आचार्यों, विप्रगणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, मूर्ति अभिषेक, शिखर कलश पूजन, वास्तु व शिखर स्थापना तथा हवन पूर्णाहुति संपन्न कराई गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं श्री मनीष बोहरा, सत्यनारायण बोहरा परिवार द्वारा



समस्त धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की गई।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा माता की सेवा में जस गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने समूचे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आचार्य ज्ञान प्रकाश जोशी ने श्रद्धालुओं को आयोजन की महत्ता और पौराणिक संदर्भों की जानकारी दी।

समारोह में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों एवं आगंतुकों का बोहरा परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

देर शाम मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में हाई स्कूल मैदान में सुप्रसिद्ध गायक अनुज शर्मा की भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए मां शीतला के चरणों में भक्ति अर्पित की।



# वार्ड क्रमांक 9 में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

## सांवरिया मानस परिवार के भजनों से गूंजा संपूर्ण वातावरण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 9 में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विधिवत पूजा-अर्चना एवं श्रृंगार के पश्चात भगवान वीर हनुमान जी को भोग अर्पित कर भव्य प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में सांवरिया मानस परिवार तिल्दा-नेवरा द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों एवं नृत्यों के माध्यम से



श्रीराम, हनुमान जी एवं अन्य देवी-देवताओं के जीवन प्रसंगों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम एवं जय हनुमान के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने उपस्थित हुए प्रमुख अतिथियों में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, पार्षद प्रवेश नेताम , नरेश पटेल, शरद कुंभकार नगर पंचायत उपाध्यक्ष, चेतन निर्मलकर विशेष रूप से शामिल रहे।

अतिथियों का कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार एवं दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में ओमप्रकाश जोशी ने हिंदू सनातन धर्म की एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा—बांटेंगे तो काटेंगे, एक रहेंगे तो ताकत बनेंगे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। हनुमान जन्मोत्सव का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और समरसता का अद्भुत संगम बनकर उभरा।

तेज रफ्तार का कहर

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** थानखम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठेलका स्कूल के पास साजा रोड पर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बड़े साल्हे कला, थाना छुईखदान निवासी राजेश्वर यादव (45 वर्ष) अपने चार वर्षीय पुत्र उमंग यादव के साथ ससुराल से मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाई जा रही माजदा (क्रमांक CG 12 N 8136) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को सिर में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। एंबुलेंस की मदद से दोनों को थानखम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर पाटिल ने उन्हें मृत घोषित किया।



घटना की सूचना कोटवार द्वारा दी गई, जिसके आधार पर थानखम्हरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला दर्ज करते हुए पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर एएसआई पी. एल. पुलार्य, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तिवारी, मुकेश चंद्रवंशी, जगतारण नारंग और तोरण डहरिया द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

# बेटे की शादी से पहले पिता को मार डाला

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

भिलाई। बेटे की शादी से पहले पिता को मार डाला-दुर्ग में आज निकलने वाली थी बारात, घर के बाहर मिला शव; पुरानी रंजिश की आशंका

दुर्ग जिले में बेटे की शादी के एक दिन पहले पिता की हत्या कर दी गई। रामपुर चोरहा गांव में शुक्रवार रात घर के बाहर गली में भागवत मारकंडे (55) का शव मिला।

मृतक के गले में धारदार हथियार



से कटने के निशान मिले है वहीं रीढ़ की हड्डी और शरीर के कई भाग में चोट है। मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। शनिवार को भागवत के बेटे का बारात निकलने वाली थी। घर में शादी की सजावट थी जश्न का माहौल था लेकिन इस घटना के बाद खुशियां गम में बदल गई। पुलिस ने पुराने रंजिश में हत्या की आशंका जताई है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ

परिजनों का कहना है कि भागवत के गले में किसी चाकू जैसे तेज धार हथियार से मारा गया है, ज्यादा खून बहने से उनकी मौत हुई है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। एक दिन बाद जाने वाली थी बेटे की बारात परिजनों ने पुलिस को बताया कि भागवत दास मारकंडे के घर में शादी का उत्सव था। 19 अप्रैल को उसके बेटे की बारात थी। इसके चलते देर रात तक उनके घर में चहल पहल थी। परिवार के सभी लोग खाना खाकर अपने घरों में सोने चले गए। इसके बाद यह घटना घटी। घर से अलग रहता था भगवत दास परिजनों ने बताया कि भगवत दास अपने घर से लगे अलग कमरे में रहता था, जो कि अलग रास्ते में खुलता था। उससे लगे घर में उसकी पत्नी बेटे व अन्य लोग रहते थे। सबसे पहले उसके शव को उसके नाती ने देखा। उसके बाद उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग जागे और फिर उसे अस्पताल ले गए।

सीएसपी छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि कुम्हारी पुलिस जांच में जुटी है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


# महत्वपूर्ण एक्सप्रेस का भाटापारा में ठहराव न होने से यात्रियों मे भारी आक्रोश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** एक लंबे समय से भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण व विशिष्ट आय देने वाले स्टेशन मे कुछ महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का स्टापेज देने की मांग लोग करते करते थक हार गये है उसके बावजूद जिम्मेदार लोगो के कानो मे जूं नहीं रेंगने से क्षेत्रिय नागरिक खफा है। उपरोक्त संबंध मे नागरिको का कहना है कि सन 2023 के सात अप्रेल को तत्कालिन सांसद सुनील सोनी ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात करके भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे अच्छी रेल यात्रा



सुविधा बढाने तथा प्रमुख यात्री ट्रेनो का ठहराव देने मांग की थी लेकिन उक्त मांग पत्र पर अब तक ट्रेन स्टापेज की स्वीकृति नहीं आने से



नागरिको मे भारी आक्रोश व्याप्त है इस बीच रायपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से नये सांसद के रूप मे क्षेत्रिय नागरिको ने प्रचंड बहुमत से व ऐतिहासिक लीड देते हुये नये सांसद बृजमोहन अग्रवाल को चुना है लेकिन उनकी ओर से भी भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे महत्वपूर्ण ट्रेनो के ठहराव के संबंध मे कोई सार्थक पहल नहीं किये जाने से लोग आक्रोशित है नागरिको का कहना है कि बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस टेकृन के अलावा बिलासपुर चैन्नई एक्सप्रेस ट्रेन, बिलासपुर हांपा एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस, समरसता एक्सप्रेस के अतिरिक्त हावड़ा शिरडी एक्सप्रेस, कुर्ला भुनेश्वर एक्सप्रेस का भाटापारा मे अनिवार्य रूप से स्टापेज देने की मांग एक लंबे समय से लोग कर रहे है लेकिन सार्थक पहल रेलमंत्री तक नहीं होने से भाटापारा जैसे बडी आय देने वाले महत्वपूर्ण स्टेशन मे ट्रेनो का



स्टापेज नहीं हो पा रहा है जबकि कम आय देने वाले अनेक स्टेशनो मे वहां के जनप्रतिनिधियो ने एक के बाद एक करके अनेक यात्री ट्रेनो का स्टापेज करा लिया है आखिर भाटापारा के साथ इंसाफ कब होगा यह क्षेत्र की जनता पूछ रहीं है।

# सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर परिसर में इस वर्ष हनुमान जन्माष्टमी का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। हर्ष वर्ष 6 शुक्ला पूर्णिमा के पावन दिन को हनुमान जी के जन्मदिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।





पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी के मार्गदर्शन में धार्मिक विधि-विधान से पूजन, हवन और आरती संपन्न की गई। इस अवसर पर राधा कृष्ण भजन मंडली द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ तथा सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और भावविभोर हो उठा।

भक्ति आयोजन के उपरांत प्रसादी वितरण किया गया तथा विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का लाभ उठाया।

पंडित ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग में इसी दिन माता अंजनी की कोख से सूर्य उदय के समय हनुमान जी का जन्म हुआ था। यह दिन अत्यंत पुण्यफलदायी माना जाता है। विशेषकर 30 दिनों तक की गई पूजा-अर्चना से बजरंगबली अति प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को सुख, समृद्धि एवं कष्टों से मुक्ति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और हनुमान जी के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया। संपूर्ण आयोजन ने श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में सर्व हिंदू समाज बजरंग दल के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व हिंदू समाज एवम बजरंग दल के तत्वाधान में जन सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाला गया । सर्व हिंदू समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । शोभा यात्रा का शुभारंभ शीतला मंदिर प्रांगण भाटापारा से माँ ताराड़ी धुमाल राजिम व अन्य धुमाल पार्टी के साथ भगवान शंकर हनुमान की झांकियां के साथ त्रिमूर्ति चौक, गोल बाजार चोक , भारत माता चौक, पुराना धर्मशाला, मुख्य मार्ग होते हुए शोभा यात्रा निकाली गई । भगवान शंकर हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा जगह-जगह श्रद्धा वालों ने रथ पर सवार हनुमान जी की झांकी की पूजा आरती की । नगर भ्रमण के पश्चात शीतला मंदिर में पहुंची जहां पूजा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया हजारों के संख्या में लोग एकत्रित हुए नगर का वातावरण हनुमाजी की जयकारो से गुन उठा । भक्ति और उल्लास में का माहौल रहा वहीं रायपुर प्रवास के दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जी के आग्रह पर शीतला मंदिर पर रुके। जहाँ उन्होंने भगवान श्री राम जी व हनुमानजी की शेल चित्र पूजा आरती की । भागवत आचार्य चेतन तिवारी व कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री



विजय शर्मा का स्वागत किया पुजारी महाराज जी से आशीर्वाद लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने मां शीतला से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

नगर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धालु गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 'सेवक बनकर करूंगा साजा विधानसभा का विकास'- विधायक ईश्वर साहू

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** ग्राम पतोरा के समीप डंगनिया - मटिया मार्ग पर 283.82 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साजा विधायक श्री ईश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से की गई।



तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, परमेश्वर वर्मा जिला पंचायत सदस्य , जितेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष साजा, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष, विमला साहू सरपंच , गन्नू साहू समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने विधायक ईश्वर साहू एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से मांग रही इस सड़क की स्वीकृति एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे।

विधायक ईश्वर साहू ने सभा को भारत माता की जयकारों के साथ संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को हमारी छत्तीसगढ़ सरकार ने पूरा किया है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना या बोनस का मामला हो, या महतारी वंदन योजना - हमारी सरकार ने हर वादा निभाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो गरीब, किसान और आमजन की चिंता करती है विधायक साहू ने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने 'नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी' के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया और जनता को गुमराह किया। साजा को उन्होंने कभी विकास नहीं, बल्कि डर और गुंडाराज का अड्डा बना दिया। परंतु आज साजा विधानसभा में भयमुक्त और विकासोन्मुख वातावरण है।

उन्होंने कहा, मैं सेवक बनकर साजा विधानसभा की सेवा कर रहा हूं और करता रहूंगा। जिस बेटे को खोया, उसकी तपस्या को आप सबका प्रेम मिला। आने वाले समय में साजा विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से मानस मंडल अध्यक्ष भरत साहू, प्रकाश वर्मा, शिवनंदन पटेल, रामअवतार साहू, मदन पटेल, पुनाराम साहू, भारत साहू, अश्वनी पटेल, दुखी साहू, धनवार सिंह पटेल, हिमाचल पटेल, निशा चौबे सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और जनसमूह से खूब तालियां बटोरीं।

# 108 महिलाओं का सम्मान, कोसलपुत्री का विमोचन





**रायपुर।** जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की नारी-शक्ति पर केंद्रित पुस्तक 'कोसलपुत्री' के सहित चार अन्य पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की 108 विशिष्ट महिला नेत्रियों को सम्मानित किया गया। जिनमें बस्तर की गौरवशाली बेटी और युवा आइकॉन अपूर्वा त्रिपाठी को उनके अद्वितीय कार्यों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए स्वयं सजग रहना होगा। आज छत्तीसगढ़ की महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। घर-परिवार के साथ ही राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में उनकी सक्रियता सराहनीय है। उन्होंने अपने कई प्रेरक संस्मरण भी साझा किए।

समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा ने की। उन्होंने कहा, ॐछत्तीसगढ़ साहित्य की दृष्टि से अत्यंत उर्वरा भूमि है। 'कोसलपुत्री' जैसी पुस्तकें गहन शोध के पश्चात तैयार की जाती हैं, जो केवल साहित्य नहीं, प्रमाणिक इतिहास की तरह भी मूल्यवान हैं।

इस गरिमामय आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई लेखिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कोंडागांव की प्रसिद्ध लेखिका और कवयित्री डॉ. रश्मि विपिन अग्निहोत्री को उनके आलेख 'बस्तर बाला- युवा आइकॉन अपूर्वा त्रिपाठी' हेतु कोसलपुत्री रचनाकार सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. रश्मि अब तक 38 साझा संकलनों की लेखिका रह चुकी हैं।

विमोचन समारोह में पद्मश्री शमशाद बेगम, उषा बारले, तथा बस्तर बाला अपूर्वा त्रिपाठी सहित कुल 108 महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने विविध क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव श्रीमती अभिलाषा बेहार ने लेखिकाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि लता मिश्रा ने साहित्य और संगीत के समन्वय पर बल दिया।

समारोह की शुरुआत में संयोजक डॉ. सीमा निगम और डॉ. सुधीर शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. रमेंद्र नाथ मिश्र और डॉ. महेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में द्वितीय सत्र संपन्न हुआ। संचालन शुभ्रा ठाकुर, डॉ. सीमा अवस्थी और सुमन बाजपेयी ने संयुक्त रूप से किया।

संस्था की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस प्रकार का आयोजन पहली बार हुआ है, जिसमें राज्य की विशिष्ट महिला प्रतिभाओं पर केंद्रित 'कोसलपुत्री' दो भागों में प्रकाशित किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ की महिला रचनाकारों ने गहन शोध कर तैयार किया है। साहित्यिक जगत को आशा है कि यह संग्रह भविष्य में पाठ्यक्रम में शामिल कर व्यापक लाभ प्रदान करेगा।

## 'मोर दुआर - साय सरकार' आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का जारी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर** -मोर दुआर - साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु यह सर्वे अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है।




प्रथम चरण में, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है।

द्वितीय चरण में, 20 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में पारदर्शिता बनी रहे और योजना की जानकारी सीधे पहुंच सके।

तृतीय एवं अंतिम चरण में, 29 व 30 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ सर्वे कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाएगा।

जिला प्रशासन सरगुजा ने सभी ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है, जिससे हर पात्र व्यक्ति को आवास योजनाओं का लाभ मिल सके और मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार कर सके।

# महा-जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** संत कंवरराम मंडल भाटापारा के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई की हिंद-सिंध के सरताज संतो में सिरमौर अमर शहीद संत कंवरराम साहब जी का 140 वाँ महा जन्मोत्सव 13 अप्रेल 2025 को धर्मनगरी भाटापारा में बड़ी धूमधाम व उत्साह से मनाया गया।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत कंवरराम सेवा मंडल द्वारा सुबह 06 बजे शोभायात्रा(प्रभात फेरी) निकाली गई जो कि श्री एस. एस. डी.धाम से से पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई जो कि ड्रू.ढ्ढ.क्क कालोनी - गोदड़ीवाला धाम - श्री हजारीलाल छाबड़िया मार्ग (बजरंग वार्ड) - संत कंवरराम चौक - श्री बाबा गरीबदास मंदिर - श्री प्रेम प्रकाश मंदिर - बाबा जन के घर होते - संत कंवरराम दरबार( भगतू टिकाणे) में समाप्त हुई।शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। संत कंवरराम चौक में संत जी की मूर्ति पर समाज जनों द्वारा माल्यर्पण किया गया।संत कंवरराम दरबार( भगतू टिकाणे में) सुबह 10 बजे - श्री गुरूग्रंथ साहब के सहज पाठ का भोग साहब,आरती, अरदास व पल्लव हुआ।ततपश्चात संत जी का जन्मोत्सव केक काटकर मंगल गीत गाकर मनाया गया,इस अवसर पर इंदरलाल थारानी, नारायणदास निहलानी,डॉ.वासुदेव ठाकुर,परसराम मंधान,नानक गिदवानी,कैलाश बालानी,नंदलाल तनवानी,महेश चंदानी,भीषम गुरयानी, महेश निहलानी,सच्चानंद थदवानी, निर्मल दावानी,नितिन भोजवानी, गोपी पारप्पाणी, ताराचंद किंगरानी,ईश्वर बत्रा, संजय मकरेजा,बल्देव गंगवानी, मनोज गिदवानी,नानक सचदेव, राकेश चिमनानी सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने पीडीएस भवन से अवैध कब्जा बेदखल किया

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**भिलाई।** भिलाई नगम की टीम ने पीडीएस भवन से अवैध कब्जा कर टेंट हाउस संचालित करने वाले पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान वार्ड-33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन के लिए पीडीएस के 2 भवन बनाए गए थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्व. सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार पीडीएस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा ने अवैध कब्जा कया था और टेंट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पंहुचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पिछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था।

सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रुपए का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया।

# खड़ी पिकअप में जा घुसी बाइक, 2 की मौत

## भिलाई में इंस्टा वीडियो बनाने निकले थे 3 नाबालिग; स्पीड ज्यादा होने से बैलेंस बिगड़ा,1 घायल

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**भिलाई।** पावर हाउस में शुक्रवार रात सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई। तीन नाबालिग दोस्त बाइक से इंस्टाग्राम के लिए वीडियो बनाने निकले थे। तभी अचानक उनकी बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और वो खड़ी पिकअप में जा घुसे।

छावनी थाना क्षेत्र की घटना है। हादसे में 2 दोस्तों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं, 1 दोस्त घायल हुआ है। घायल आदित्य ने बताया कि तीनों दोस्त एक बाइक में बैठकर पार्टी करने जा रहे थे। बाइक हर्ष चला रहा था। आदित्य पीछे बैठा था और इंस्टा के लिए वीडियो बना रहा था।

वो लोग मस्ती करते करते भिलाई से खुर्सीपार की तरफ जा रहे थी, तभी उनकी बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया और बगल से गुजर रही एक बाइक से वो लोग टकरा गए। इसके बाद उनकी बाइक खड़ी पिकअप में घुस गई। दोनों का सिर फट गया था



गन्नू नाम के नाबालिग किशोर ने बताया कि गौतम नगर में रहने वाला जय बंसोड़ (17) और हर्ष मेश्राम (16) की ब्रिज से नीचे गिरने से मौत हुई है। तीसरा लड़का सुपेला खटाल बस्ती का रहने वाला आदित्य चौहान (16) घायल है। उसे उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

पिकअप में टकराने से हर्ष और जय का सिर फट गया, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आदित्य उनके ऊपर गिरने से उसे गले में चोट आई। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। घटना स्थल पर खून के निशान थे। चप्पल और बाइक का सामान बिखरा पड़ा था।

पुलिस घायल और मृतकों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर गई थी। अस्पताल पहुंचते ही परिजनों ने चींख-चींख कर रोना शुरू कर दिया।

### पिता के साथ शादी पार्टी से लौटा था जय

जय बंसोड़ की मां ने बताया कि वो अपने पिता प्रकाश के साथ धुमाल बजाने का काम करता था। शुक्रवार रात को ही वो एक शादी पार्टी से धुमाल बजाकर पिता के साथ लौटा था। पिता ने जय और उसके भाई को 50-50 रुपए दिए। इसके बाद जय मां को बोलकर निकला की वो पार्टी में जा रहा है। कुछ देर बाद सूचना मिली की उसका एक्सीडेंट हो गया है।

### बेटे की मौत से मां का दिमागी संतुलन बिगड़ा

अस्पताल में कई घंटे तक जमीन में बैठी कशिश मेश्राम अपने बेटे हर्ष को



बुलाती रही। वो कह रही थी कि उसका बेटा आएगा। वो पार्टी में गया है वो बुलाएगी तो वो आ जाएगा।

हर्ष की दादी गंगा बाई ने बताया कि हर्ष काफी हंसमुख था। वो अपनी मां के काफी करीब था। उसका एक बड़ा भाई प्रतीक और छोटी बहन मुस्कान है।

कई घंटे तक मां के रोने के बाद हर्ष के पिता प्रदीप मेश्राम और अन्य परिजनों ने मां कशिश को कहा कि हर्ष का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक घंटे में छुट्टी मिल जाएगी। इसके बाद वो अस्पताल से घर गई।

### 16 अप्रैल को भी वीडियो बनाने निकले थे तीनों

हर्ष, जय और आदित्य को सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने का इतना शौक था कि तीनों कभी घर से निकल जाते थे। बीते 16 अप्रैल को भी वो लोग पूरी रात टाउनशिप के अलग-अलग सेक्टर में घूम-घूमकर वीडियो बना रहे थे।

पुलिस ने उनके मोबाइल से वो विडियो लिया। पूछताछ में आदित्य ने बताया भी वो लोग 16 अप्रैल की रात सेक्टर 4, सेक्टर 6 व अन्य जगह वीडियो व रील्स बना रहे थे।

### हादसे का पता लगाने में जुटी पुलिस

सुपेला पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस आदित्य से पूछ रही है कि हादसा कैसे हुआ और वो लोग इतनी रात में कहा जा रहे थे। शनिवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम होगा। उसके बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

**दुर्ग मासूम हत्याकांड**

# DNA रिपोर्ट में खुलासा -चाचा ने की दरिंदगी चाचा का DNA रिपोर्ट्स हुआ मैच

## दर्द से आया कार्डियक अरेस्ट, इसी से हुई बच्ची की मौत..

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 6 साल की बच्ची की नृशंस हत्या मामले में DNA जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि बच्ची के साथ बलात्कार हुआ था और उसके चाचा का DNA मैच हो गया है। इस दर्दनाक घटना में बच्ची को असहनीय पीड़ा के चलते कार्डियक अरेस्ट हुआ, जिससे उसकी जान चली गई। वहीं, जब वह चीखने लगी तो चाचा ने उसका मुंह दबा दिया था। पोस्टमार्टम और आरोपी की स्वीकारोक्ति से स्पष्ट हुआ पूरा मामला

दुर्ग के सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि बच्ची के चाचा को आरोपी ठहराने के लिए उनके पास पहले से ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी की खुद की कबूलनामे जैसी मजबूत साक्ष्य थे। प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों से भी यही संकेत मिला था कि वही दोषी है। अब DNA रिपोर्ट के जरिए यह पूरी तरह साफ हो गया है। सिर्फ चाचा का DNA सैंपल आया पॉजिटिव चिराग जैन ने आगे बताया कि बच्ची के शव से कई नमूनों को परीक्षण के लिए लिया गया था। इसके



बाद चाचा सहित कुल 4 संदिग्धों के DNA सैंपल लिए गए। जब सभी सैंपल्स की फॉरेंसिक जांच की गई, तो केवल चाचा का DNA ही मैच हुआ। पुलिस इस पुख्ता सबूत को कोर्ट में प्रस्तुत करेगी।

### आरोपी को कार के खराब लॉक की थी जानकारी

दुर्ग एएसपी (सिटी) सुखनंदन राठौर ने जानकारी दी कि इलाके के कई लोगों को इस बात की जानकारी थी कि वहां खड़ी एक कार का दरवाजा सही से लॉक नहीं होता। यह बात चाचा को भी मालूम थी। वारदात के बाद जब बच्ची की जान चली गई, तो उसने शव को उसी कार में छिपा दिया ताकि संदेह किसी और पर जाए और पुलिस को गुमराह किया जा सके।

### जिन लोगों ने आरोपी का साथ दिया, उन पर भी होगी सख्त कार्रवाई

*सीएसपी चिराग जैन ने यह भी कहा कि मुख्य आरोपी के सामने आने के बाद अब यह जांच की जाएगी कि किन लोगों को इस घिनौने अपराध की जानकारी पहले से थी। साथ ही शव छिपाने में किसने उसकी मदद की, इसकी भी पड़ताल की जाएगी। जो भी इस साजिश में शामिल पाए जाएंगे, पुलिस उन्हें भी आरोपी बनाएगी और न्यायालय में प्रस्तुत करेगी।*


बालाजी क्लिनिक मद्रासी दवाखाना

Dr. K.M. Rao

M.S. (Ayu.)

Reg.No. CG03026 A
General Surgeon & Proctologist
Ex. Asso. Professor
Department of Surgery
Govt. Ayurved College, Vadodara, Gujarat

Specialist - Piles, Fissure, Fistula & Ano-rectal Diseases

बालाजी क्लिनिक मद्रासी दवाखाना
लक्ष्मीपुर बिलासपुर रोड अंबिकापुर

10 -AM TO 1 PM -6 PM - To - 7 -30 - PM -10 - AM , To 1 PM
Evening closed Dr-KM RAO RGN-NO- CG 030 26 A & Proctologists -Ex .Asso . Professor - Department of Surgery - Govt.Ayurved, College, Vadodara, gujarat
M-9898337780-9009956307
PHONE- 07774-224307

# भाजयुमो के युवा नेताओं में मारपीट , भाजयुमों और एबीवीपी नेता आपस में भिड़े, एक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक जिला भिलाई में दो दिन पहले भाजयुमो और एबीवीपी नेताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मामले में स्मृति नगर पुलिस ने भाजयुमो नेता रोहन सिंह व उनके साथियों के खिलाफ मारपीट और एबीवीपी नेता मिहिर जायसवाल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। मिहिर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एबीवीपी नेता महिर जायसवाल ने उसके ऊपर पुलिस की गलत कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि वो उनके साथी चाय की दुकान में बैठे थे, वहां रोहन सिंह और उसके साथियों ने आकर उनके साथ मारपीट की है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है। इसके बाद उनके लोगों ने रोहन सिंह के साथ मारपीट की है।

रोहन सिंह भाजयुमो नेता भिलाई

मिहिर का कहना है कि पुलिस को दोनो पक्षों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करना था, लेकिन पुलिस ने रोहन सिंह के कहने पर उनके खिलाफ जमानती धारा के तहत मामला दर्ज किया तो वहीं मिहिर के ऊपर हत्या के प्रयास की धारा लगाकर मामला दर्ज किया है। मिहिर को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

रोहन सिंह हाथ में पत्थर लेकर दौड़ाते हुए

वहीं इस बारे में भाजयुमो नेता रोहन सिंह का कहना है मिहिर और उसके दोस्तों ने कुछ दिन पहले उसके मामा के लड़के को मारा था। इस पर उसने फोन करके उनसे पूछा कि क्यों मारे हो। रोहन का आरोप है कि जब वो उनके बात करने उनके पास चाय की दुकान पर गया तो उन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद रोहन वहां से वापस आ गया।

महिर जायसवाल, एबीवीपी नेता

इसके बाद महिर और उसके 40-50 लड़कों ने गैंग बनाकर उसको मारने के लिए खोजना शुरू किया। पुलिस को जब इसकी जानकारी लगी तो स्मृति नगर पुलिस भी उन्हें रोकने के लिए चाय दुकान पर पहुंची। रोहन





का कहना है कि वो भी वहां पहुंचा तो उनके एक दो लड़कों ने हाथ में पंच और बेस बल्ला लेकर लोगों के ऊपर चलाने लगा।

## महिर ने दिखाई अपनी चोट कहा पुलिस ने किया थर्ड डिग्री का इस्तेमाल

इसमें रोहन और उसके दोस्तों को चोटें आई हैं। मारने वालों में एक आरोपी अमित ठाकुर भी था, जो एनकाउंटर में मारे गए बदमाश अमित जोश का दोस्त है। वहीं इस बारे में महिर का कहना है कि पहले रोहन उनके पास मारपीट करने आया था उसका सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है।

## पुलिस पर लगाया पिटाई करने का आरोप

महिर ने आरोप लगाया है कि स्मृति नगर पुलिस ने उसके साथ पेशेवर गुंडे की तरह वर्ताव किया है। उन्होंने साधारण चोट आने के बाद भी उसके खिलाफ हत्या का प्रयास जैसी गंभीर धारा के तहत मामला दर्ज किया, जबकि वो उस मारपीट से दूर खड़ा था। इसके बाद चौकी में लाकर उसे बुरी तरह थर्ड डिग्री दी गई। उसके पूरे शरीर में पुलिस द्वारा मारने के निशान हैं।

इस बारे में स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधू का कहना है कि उन्होंने किसी को नहीं मारा है। मारपीट का मामला है। दोनों के खिलाफ काउंटर एफआईआर दर्ज की गई है। डॉक्टर की रिपोर्ट में सीवियर इंजरी आने से महिर के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

# दुर्ग रेंज के पुलिस अधिकारियों को नए अपराधिक कानूनों की जानकारी दी

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग रेंज के पुलिस अधिकारियों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देने तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण दया गया। जिसमें दुर्ग रेंज के सभी इकाइयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 से लेकर 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण दया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। नए कानून को लागू करने का उद्देश्य कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी तथा न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ बनाना है।

इस दौरान भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा विकसित कर्मयोगी भारत पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण दया



गया और इस पोर्टल का नियमित रूप से उपयोग करने कें लिए निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण पूरा करने वाले अधिकारियों -कर्मचारियों को इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देश में आयोजित इस रेंज स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें जिला बल, रेंज अंतर्गत वाहिनियों, एसटीएफ, रेडियो शाखा, विशेष शाखा एवं रेंज कार्यालय के समस्त राजपत्रित अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक बालोद सुरजन राम भगत, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, जोनल पुलिस अधीक्षक भावना पांडे, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विजय पांडे, पुलिस अधीक्षक दूरसंचार अरुण कुमार गजपाल, सेनानी प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ बल राजेश कुकरेजा, सेनानी तृतीय वाहिनी अमलेश्वर मेघा टेंभुरकर, गायत्री सिंह आदि उपस्थित थे।

# 15 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ रतन कुमार




**भिलाई ।** भिलाई में ओडिशा से लाकर गांजा बेच रहे थे दो तस्कर नेवई डेम से 15 किलो गांजा, कार और स्कूटर के साथ गिरफ्तार भिलाई के नेवई डेम क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध गांजा बिक्री पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोक लगा दी है। पुलिस की विशेष कार्रवाई में दो गांजा तस्करों को पकड़ा गया और भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया। नेवई थाना प्रभारी आईपीएस अधिकारी राहुल बंसल ने जानकारी दी कि 16 अप्रैल को उन्हें इनपुट मिला था कि नेवई डेम के पास गांजे की अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम के साथ तत्काल छापेमारी की योजना बनाई। छापा मारकर पुलिस टीम ने नेवई डेम के पास इमली झाड़ी के इलाके में दबिश दी, जहां दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान तिरंगा चौक बीआरपी कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय राज कुमार ठाकुर और रिसाली के मैत्री नगर निवासी 45 वर्षीय मुकेश मोदी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 15 किलो 526 ग्राम गांजा, एक कार और एक स्कूटर बरामद किया गया। जब्त किए गए गांजे की कुल कीमत लगभग 2 लाख 85 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर भिलाई में इसकी सप्लाई किया करते थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चल रही मादक पदार्थों की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा है।

# आवास प्लस 2.0 का सर्वे जारी वंचित परिवारों को पक्का मकान दिलाने जुटे जनप्रतिनिधि

## लूण्ड्रा विधायक एवं राज्य युवा आयोग अध्यक्ष ने किया आवास प्लस का सर्वे

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर** –प्रदेश में मोर दुआर साय सरकार महाअभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए आवास प्लस 2.0 का सर्वे जारी है। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र परिवारों को चिन्हित करना है जो अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए हैं, ताकि उन्हें पक्के मकान का लाभ मिल सके।

इस अभियान अंतर्गत लूण्ड्रा विधानसभा विधायक श्री प्रबोध मिंज ग्राम पंचायत करोंधा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने श्रीमती सुखमनिया यादव का आवास प्लस का सर्वे किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तय समयसीमा में मकान पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को उपहार भेंटकर सम्मानित भी किया।

लूण्ड्रा विधायक श्री मिंज ने कहा, प्रदेश में सुशासन की सरकार है प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस सर्वे के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीण परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस सर्वे में सहभागी बनें और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाएं।

इसी क्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर द्वारा आवास प्लस सर्वे में अपनी भागीदारी निभाई। श्री तोमर अम्बिकापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत करजी की रहने वाली श्रीमती गुलाबी नायक और श्रीमती राधा नायक के घर पहुंचे, जहां उन्होंने आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे किया।

इस दौरान उन्होंने ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार आम जनता के सपनों को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस सर्वे के माध्यम से उन सभी वंचित हितग्राहियों को एक बार फिर पक्का आशियाना दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिल सके।

इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।



# अंबिकापुर संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने नशीली टेबलेट सहित महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में संभागीय उड़नदस्ता आबकारी की टीम में दो बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जहां भगवानपुर खुर्द से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाई और गंगापुर से 41 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, दरअसल आज ग्रस्त पर निकली संभागीय उड़नदस्ता आबकारी की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भगवानपुर खुर्द निवासी अरुण चौहान अपने घर से नशीली दवाइयों का विक्रय कर रहा है, मौके पर पहुंची पुलिस ने अरुण के कब्जे से 1136 नशीली दवाई जब की है जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रु बताई जा रही है, तो वहीं गंगापुर निवासी धरम अगरिया के कब्जे से टीम ने 41 लीटर अवैध मोहन शराब जप्त किया है, आबकारी टीम ने दोनों ही मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाही में जुट गई है।





## संक्षिप्त समाचार

### पोषण पखवाड़ाः उतई में बच्चों को दवाई दी गई

**उतई।** उतई इंदिरा नगर आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें चिरायु जांच हुआ। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ बच्चों का वजन ऊंचाई मापा कर दवाई वितरण किया गया और बच्चों के खान-पान की सही जानकारी दी गई। उन्हें पोषण आहार के बारे में विस्तार से बताया गया।

### अंबिकापुर जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र हर्षित राज का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में






**अंबिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा के छात्र हर्षित राज का चयन इसरो के लिए हुआ है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में युवा वैज्ञानिक के रूप में 14 दिनों की सेवा देंगे, - इसरो द्वारा चलाये जा रहे प्रोग्राम युविका जो की युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम का संक्षिप्त रूप है,भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान द्वारा आयोजित एक वार्षिक अंतरिक्ष शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा एक प्रोसेस के माध्यम से नवयुवकों का चयन करता है,यह कार्यक्रम छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है,युविका कार्यक्रम में, छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के बारे में बुनियादी ज्ञान प्रदान किया जाता है,

- अंबिकापुर खलिबा मे स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित युविका प्रोग्राम के माध्यम से हर्षित का चयन हुआ है,जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इसरो के माध्यम से चलाई जा रहीं इस योजना में छात्र का चयन हुआ है जो 14 दिनों के लिए इसरो में रह कर वहां की बारीकियों को समझेंगे।

### मजदूर की करंट से मौत परिजनों का चक्काजाम

**भिलाई।** नेवई क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गड्ढे में करंट आने से मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर लोगों थाने में हंगामा और चक्का जाम किया। पचास हजार की आर्थिक सहायता के बाद जाम समाप्त हुआ। नेवई पुलिस ने बताया कि वार्ड 21 शंकर पारा निवासी मजदूर परशुराम सीखा (56 वर्ष) गुरुवार शाम 5 बजे मजदूरी कर पैदल अपने घर लौट रहा था। स्टेशन मरोदा ओवर ब्रिज के नीचे पाइप लाइन के खोदे गए गड्ढे के जमा पानी में परशुराम का पैर पड़ा गया, जिसमें बिजली का करंट लग गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शुक्रवार की सुबह इस घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने नेवई थाने का घेराव कर दिया। मृतक के शव को नेवई थाना परिसर में ले आए। तत्काल ठेकेदार को बुलाने की मांग करने लगे। इसके बाद भीड़ ने स्टेशन मरोदा ब्रिज में चक्काजाम कर दिया।

### मारवाडी युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन



**भाटापारा।** समाज सेवा, संस्कृति और युवा नेतृत्व को बढावा देने के उददेश्य से मारवाड़ी युवा मंच का गठन गत दिनो किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर ऋषभ जोशी, सचिव राहुल तिवारी व कोषाध्यक्ष भावेश मोहता को सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान सौरभ शर्मा, राहुल अग्रवाल, शरद मल, संत सोनी, राजेश राठी, रूपेश तिवारी, नवल लाहोटी, प्रमेन्द्र तिवारी, रजत शर्मा, नरेश अग्रवाल, मयंक, अनंत, मिलीन, दिव्यांश, अक्षत, धीरज गौरव, चीकू अग्रवाल, आदित्य, अभिषेक उपाध्याय, साकेत, पलाश, अभिषेक व चंदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जिसमें बालिकाओं को ससम्मान आमंत्रित कर विधिपूर्वक पूजन और भेजन कराया गया। इसके उपरांत रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का भव्य स्वागत एवं पूजन किया गया। पूजन के दौरान भजन-कीर्तन, आरती और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से माहौल भक्तिमय हो गया।

# अंबिकापुर कलेक्ट्रेट के पीछे बिना नोटिस दिये जिला प्रशासन ने उजाड़ दिया आशियाना

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

अंबिकापुर। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के द्वारा बगैर नोटिस दिये एक गरीब के आशियाने को उजाड़ दिया गया है, बीते कई वर्षो से घर बनाकर रह रहे परिवार रोते बिलखते नजर आ रहे हैं, जहां जिला प्रशासन और नगर निगम की इस कार्यवाही पर पीड़ित परिवार ने सवाल खड़े किए हैं।



– दरअसल अंबिकापुर शहर के कोर्ट के पीछे रहने वाले एक परिवार का आरोप है कि आज सुबह जिला प्रशासन और निगम की टीम मौके पर पहुंची और बिना किसी नोटिस के घर को तोड़ दिया गया, पीड़ित परिवार ने यह भी बताया कि उन्हें घर का सामान निकालने का समय भी नहीं दिया गया जिससे उन्हें काफी नुकसान भी पहुंचा है इधर प्रशासनिक टीम ने उन्हें उक्त स्थान पर गैस प्लांट बनाने की बात कही है जिस वजह से घर को तोड़ा गया है, – इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नगर निगम अंबिकापुर के सभापति ने भी यह माना कि बगैर नोटिस दिए इस प्रकार की कार्रवाई चिंताजनक है मामले का संज्ञान और





जानकारी ली जारही है,

– बगैर नोटिस तामील करें किसी के आसियान को उजाड़ देना प्रशासन के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है बहरहाल अब देखना होगा कि इस प्रकार की कार्रवाई के बाद जिले के आला अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं।

# शिवनाथ नदी की धार टूटने से भयावह जल संकट के आसार

## शहर में अभी 85 राउंड टेंकर से वार्डो में किया जा रहा है जल आपूर्ति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भीषण गर्मी के साथ ही नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे जल संकट के आसार बढ गये है एक ओर जहां शहर मे सन 1935 से निर्मित टोहडी घाट इंटेकवेल के जरिये शिवनाथ नदी से जल प्रदाय किया जा रहा है लेकिन इस गर्मी मे शिवनाथ का जल स्तर भी अब जवाब देने लगा है खासकर टोहडी घाट के आगे व सेमरिया घाट के बाद शिवनाथ नदी की जल प्रवाह धारा टूट गई है व जगह जगह अब नदी मे पानी के स्थान पर चटटान व रेत ही नजर आ रहे है शिवनाथ नदी मदकू द्वीप के पास तथा ग्राम ताला के देवरानी जेठानी मंदिर के निकट पूरी तरह सूख चूकी है जबकि पिछले वर्षो मे शिवनाथ नदी मे अप्रेल माह तक पर्याप्त जल प्रवाह बना रहता था इस वर्ष भीषण गर्मी मे मार्च मे ही शिवनाथ नदी की धारा टूटने से भयावह जल संकट की आशंका से लोग भयभीत है क्योकि शिवनाथ नदी मे पूर्व की तुलना मे जल प्रवाह लगातार कम हो रहा है इसके पीछे मुख्य कारण इसके बहाव क्षेत्र के विभिन्न हिस्सो मे औद्योगिक घरानो को मनमाने नदी से जल खींचने की अनुमति देना तथा बिना अनुमति के



हीं नदी जल का मनमाने दोहन से शिवनाथ नदी सिसकियां भरने लगी है उपर से नदी किनारे दर्जनो की तादाद मे अवैध रूप से संचालित हो रहें इंट भटठे एवं अन्य उद्योग नदी के अस्तित्व को ग्रहण लगा रहे है साथ हीं नदी मे मनमाने रूप से अवैध ढंग से रेत उत्खनन किये जाने के कारण नदी की शक्ल सूरत भी अब बिगड़ने लगी है भाटापारा शहर के लिये जीवन दायनी माने जाने वाली शिवनाथ नदी मे जल प्रवाह कमजोर हो जाने के कारण समुचे शहर मे पर्याप्त पेयजल लोगो को नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण अब शहर मे फि र से टेंकर के जरिये विभिन्न संकट ग्रस्त वार्डो मे टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति का क्रम चालू किया गया है। पालिका




सूत्रो का कहना है कि वर्तमान जल संकट को देखते हुये 24 घंटे टेंकर दौड़ाया जा रहा है व वर्तमान मे रोजाना 85 टेंकर पानी शहर के अलग अलग हिस्सो व वार्डो मे लोगो के बीच पहुचाया जा रहा है। समय रहते यदि शिवनाथ नदी के रख रखाव पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नही जब भाटापारा क्षेत्र मे भयावह जल संकट से लोग कराह उठेंगे। लोगो ने क्षेत्र मे बढते औद्यौगीकरण के बीच सघन पौधा रोपण की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा है कि समुचे टोहडी घाट क्षेत्र से लेकर कैथी सूमा तरेंगा भाटापारा तथा सेमरिया घाट से लेकर भाटापारा तक सघन पौधा रोपण कर जल संग्रह को बढावा दिया जाना चाहिये ताकि वर्षा जल का संचय पर्याप्त रूप से हो सके एवं भू–जल स्तर संतोषजनक स्थिति मे कायम रह सके।

# अंबिकापुर में फिर से एक बार घर में घुसकर परिवार को पेड़ में बाँध कर मारपीट करने का मामला सामने आया




ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में मारपीट करने का एक मामला सामने आया है, जहां चोरी का आरोप लगाकर महिला समेत आधा दर्जन लोगों की जमकर पिटाई की गई है जिसका वीडियो भी सामने आया है, गुस्साए लोगों के द्वारा पीड़ितों को पेड़ में बांधकर पिटाई भी की गई है जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है

दरअसल पूरा मामला अंबिकापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के तकिया का है जहां किराए के मकान में रहने वाले एक परिवार और उनके परिचितों के साथ स्थानीय कुछ लोगों के द्वारा चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की गई है, पीड़ितों का आरोप है की कुछ लोगों के द्वारा जबरन उनके साथ मारपीट की गई है कितना ही नहीं घर में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी करने का आरोप लगाया गया है, मारपीट के दौरान स्थानीय लोगों के द्वारा घटना का वीडियो मोबाइल में बनाया गया था जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है इधर पिटाई से घायल महिला समेत आधा दर्जन लोगो मामले की शिकायत को थाने में दर्ज कराई गई है, जहाँ शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, और आगे की जांच में जुट गई है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.com